तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग, 8 घायल



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक को किया गया था रिफर

# पहाड़ी कोरवा मरीज को 24 घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस, अस्पताल में तड़पता रहा





अस्पताल में एम्बुलेंस के लिए भटकते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा में संजीवनी 108 एंबुलेंस को लेकर स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी गंभीर स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस के लिए या तो घंटों इंतजार करना पड़ रहा है या फिर उन्हें निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में एक बार फिर से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को एंबुलेंस के लिए 24 घंटे तक इन्तजार करना पड़ा। एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप से घायल मरीज बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में पूरे एक दिन तड़पता रहा। इस दौरान अधिकारी और कंपनी के लोग एंबुलेंस के प्रोटोकॉल में व्यस्त होने का हावाला देते रहे लेकिन के युवक के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई।

**खास बात**

- प्रोटोकॉल में व्यस्त होने का देते रहे हवाला

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम ककना के मदेश्वरपुर निवासी 34 वर्षीय गुड्डु कोरवा आ. छेखु कोरवा 4 अक्टूबर को बजल साय के साथ ग्राम घटगांव गया हुआ था। घटगांव से वापस लौटते समय ग्राम सिधमा के पास सड़क के गड्ढों को भरने के लिए गिराए गए मिट्टी मुरुम के ढेर के कारण युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। इस घटना में पहाड़ी कोरवा ग्रामीण गुड्डु सिर पर चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सिर में आई गंभीर चोट के कारण उसे आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था। गंभीर चोट के कारण युवक को न्यूरो सर्जन की जरुरत थी ऐसे में उसे दोपहर तीन बजे रायपुर रिफर किया गया था।

### घंटों जिंदगी के लिए जूझता रहा युवक

सबसे बड़ी बात यह है कि पहाड़ी कोरवा युवक की हालत नाजुक थी और उसके उसे बिना ऑक्सीजन और वेंटीलेटर के रायपुर नहीं ले जाया जा सकता था। परिजन का कहना है कि उन्होंने संजीवनी 108 में हों किया लेकिन उन्हें कह दिया गया कि वे प्रोटोकॉल में व्यस्त है इस लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करा सकते। इसके साथ ही उन्होंने इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी दी लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने भी अपने हाथ खड़े कर लिए। पहाड़ी कोरवा युवक गंभीर रूप से घयाल था और उसे तत्काल बेहतर उपचार की जरूरत थी लेकिन युवक को एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।मरीज को रिफर करने के पूरे 24 घंटे बाद सोमवार की दोपहर 3.30 बजे उसे एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद उसे रायपुर भेजा गया लेकिन युवक की हालत नाजुक है।

### उपलब्ध कराई गई है एंबुलेंस

मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध करा दी गई है। उसे आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था। दोपहर 3.30 बजे से रायपुर रिफर कर दिया गया है। अस्पताल में एक ही वेंटीलेटर एम्बुलेंस है।

- डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

## पत्नी को भगाने के संदेह में की मेहमान की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

मेहमान बनकर अपने दोस्त के घर पत्नी के साथ पहुंचे युवक की मेजबान ने बीती रात टांगी से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जशपुर जिला अंतर्गत ग्राम अम्बापकरी निवासी रतनू कोरवा आ.विपता कोरवा (28 वर्ष) रविवार को अपनी पत्नी के साथ मेहमानी करने अपने दोस्त ग्राम पंचायत सपड़ा अंतर्गत ग्राम जटा सेमर निवासी मोहर साय आ.माझी (26वर्ष) के घर पहुंचा था। रतनू के पहुंचने पर मोहर साय ने उसकी जमकर खातिरदारी की। रात में दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद में मोहरसाय ने टांगी से रतनू के सिर पर हमला कर उसे लहू लुहान कर दिया। इस दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के कारण कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सुबह पड़ोसियों को सूचना मिली तो पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी को पकड़कर अपने कब्जा में रखा। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को ही आरोपी की पत्नी किसी के साथ भाग गई थी। आरोपी रतनू कोरवा पर ही अपनी पत्नी को भगाने का संदेह कर रहा था जबकि रतनू को इसकी सूचना तक नहीं थी। अपने मन में बदला लेने की बात पर उसने टांगी से हमला कर रतनू की जान ले ली। पुलिस के साथ पहुंची फॉरेंसिक की टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त टांगी को जब्त किया है। पुलिस देर शाम शव लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। देर शाम होने के कारण शव को मरच्यूरी में रखा गया है। मंगलवार को मृतक का पीएम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 8

**बलरामपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने समिति के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सहित अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित जिला कोषालय का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कोषालय के डबल लॉक का भौतिक सत्यापन व संबंधित पंजियो का अवलोकन, स्टाम्प, टिकट व कोषालय से संबंधित कार्यों, दस्तावेजों के रखरखाव और अन्य प्रक्रियाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी डीपी सोनी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचावल निवासी अनिल नागवंशी आ. शिवा नागवंशी (33 वर्ष) पिछले सोमवार की सुबह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंस लेने पर ग्रामीण घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद चिकित्सकों ने उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन रेफर कर दिया। रविवार को परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जेल प्रहरियों को चकमा देकर अस्पताल के शौचालय से फरार हुआ कैदी

**अम्बिकापुर।** यूरिन की परेशानी को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में उपचार कराने दाखिल हुए हत्या के आरोपी ने शौचालय जाने के बहाने जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार बिलासपुर मस्तुरी अंतर्गत ग्राम मल्हार निवासी मुकेश कांत आ. हरिप्रसाद बिलासपुर जेल में हत्या के मामले में बंद था। ढाई साल पूर्व जेल में उसके पास मोबाइल मिलने पर उसे केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया गया था। 4 अक्टूबर को यूरिन में परेशानी होने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल वार्ड में भर्ती किया गया था। आज सुबह कैदी मुकेश कांत शौचालय जाने की बात कही जिस पर जेल पहरी वार्ड से लगे शौचालय ले गए। इसी बीच वार्ड का दरवाजा खटखटाने की आवाज सुन कर जेल पहरी जैसे ही दरवाजा खोलने गया तभी मौका पाते ही कैदी जेल प्रहरियों को चकमा देकर सामान्य वार्ड की ओर से निकल भागा। घटना की जानकारी जब लगी जब जेल पहरी शौचालय गए तो देखा कैदी नदारद था। कैदी के वार्ड से भाग जाने पर जेल पहरी ने अपने अधिकारियों को सूचना दी तथा घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि गत दिन कैदी मुकेश कांत से मिलने अस्पताल के जेल वार्ड में बहन व जीजा आए थे। बहरहाल पुलिस फरार कैदी की तलाश शुरू कर दी है।

## रेड़ नदी पुलिया के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर उपकापारा स्थित रेड़ नदी पुलिया के नीचे अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने सोमवार को दोपहर में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरच्यूरी में रखवाया है। घटना स्थल पर पुलिस ने उपस्थित ग्रामीणों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। शव के नदी में बहकर आने की आशंका जताई जा रही है।

## झाड़फूंक नहीं करा रहे इसलिए सौतेले पुत्र ने कर दी पिता की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

अपने सौतेले पिता की बेदम पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कि है। सामरीपाठ पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जा रहा है कि सामरी पाठ अंतर्गत ग्राम बेतपानी निवासी 52 वर्षीया सोमारी नगेसिया पति स्व. प्रभु नगेसिया का पुत्र सुखदेव नगेसिया 1 अक्टूबर को घर आया हुआ था इस दौरान 2 अक्टूबर को महिला के सौतेले पुत्र जयकरण नगेसिया ने शराब के नशे में पिटा प्रभु नगेसिया से विवाद शुरू कर दिया। आरोपी युवक का कहना था कि उसके दो बच्चे पैदा हुए और दोनों की मौत हो गई लेकिन तुम लोग कोई पूजा पाठ नहीं करा रहे हो। आरोपी जयकरण ने अपने पिता को जमीन पर पटककर हाथ मुक्का, पैर से छाती, गर्दन में मारा और रौंद दिया। इसके साथ ही उसने बीच बचाव करने गए भाई कोरंधा निवासी सुखदेव नगेसिया, आसनपानी निवासी संजय उर्फ संजू नगेसिया से भी मारपीट की। इस घटना में प्रभु नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना ग्रामीण की पत्नी सोमारी नगेसिया ने पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर, एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी के निर्देश व एसडीओपी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में जांच उपरान्त आरोपी 32 वर्षीय जयकरण नगेसिया आ. स्व. प्रभु नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने किया गिरफ्तार

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सामरी विजय प्रताप सिंह, सउनि आनन्द मसीह तिर्की, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, आरक्षक आदित्य कुजूर, अमित लकड़ा, शंकर सोनी, आशीष निकुंज, रविन्द्र कुमार भगत आदि सक्रिय रहे।

## सोशल मीडिया में रील बनाकर दादागिरी करना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सोशल मीडिया में रील बनाकर दादागिरी करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों पर पूर्व से मारपीट के अपराध दर्ज है। सबसे बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गये आरोपियों की भी पुलिस ने रील बना डाली जिसमें आरोपी जेल के बाहर रोते गिडगिडाते नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दो युवक गाली गलौज करते हुए धमकी दे रहे थे। सोशल मीडिया में गाली गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के वालों के रूप में रासूलपुर निवासी 19 वर्षीय सैयद सैफ आ. सैयद सब्बी व बरेज पारा निवासी 20 वर्षीय अरशद उर्फ आसु अंसारी आ. खुर्रम अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी सैयद सैफ आदतन अपराधी किस्म का है और हाल ही में 3 अगस्त को बरेजपारा निवासी हिमांशु गोयल को जान से मारने की धमकी देकर ईंट से मारने के मामले में बीएनएस की धारा 333, 296, 351(3), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया गया था। जबकि अरशद उर्फ आसु अंसारी के ऊपर भी अग्रसेन वार्ड निवासी संजय गोयल की शिकायत पर बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 305, 331 (4), 238 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी 31 अगस्त की रात शराब के नशे में हथियार लेकर गाली गलौज कर रहा था, चोरी करने का प्रयास कर रहा था। जब लोगों ने जब उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने लोगों से मारपीट की। पुलिस के अनुसार अरशद उर्फ आशु भी अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लेकिन जेल भेजने से पहले पुलिस ने आरोपियों के गुंडागर्दी करने का रील बनाकर वायरल कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य यह भी है कि समाज में युवाओं के लिए जो रोल मॉडल होते है वो एक अच्छे नागरिक हो ना कि ऐसे आपराधिक किस्म के व्यक्ति हो। इसलिए ऐसे कृत्य करने वाले युवकों पर सख़्ती से तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए और उन्हें रोल मॉडल की तरह विकसित ना किया जाए एवं युवाओं को बताया जाए की गलत रास्ते का अंजाम अंततः बुरा ही होगा। नाबालिगो द्वारा वाहन चलाये जाने पर मामले में मोटर व्हीकल एक्ट एवं अन्य सुसंगत धारा के तहत परिजन भी दोषी होंगे साथ ही किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन करने पर मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, जगसाय मरकाम, आरक्षक लालभुवन सिंह, संतोषी पांडेय, सचिन सिन्हा, जगेश्वर मरकाम सक्रिय रहे।

- जेल भेजने से पहले पुलिस ने भी गिडगिडाते हुए आरोपियों का बना दिया रील



## राज्यपाल ने आकांक्षी विकासखंड के कार्यों की ली बैठक

# विकास कार्यों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : डेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



राज्यपाल रमेन डेका ने आकांक्षी विकासखंड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली।

राज्यपाल श्री डेका ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेश तथा बुनियादी ढांचे के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चल रहे विकासात्मक कार्यों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। प्रत्येक ग्राम में जल संचयन के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। डबरी निर्माण, शोख पिट (सोखता गड्ढा), इंटक वेल जैसे संरचनात्मक कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण और भू-जल स्तर में सुधार हो सके और मछली पालन को बढ़ावा ⏭ शेष पेज 4 पर

### आवासीय विद्यालय पहुंचे राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका रजपुरीकला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां बालिकाओं से मिलकर कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। इस दौरान जब राज्यपाल श्री डेका ने बच्चों से पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, तो बच्चों ने अपनी -अपनी इच्छा जाहिर की। राज्यपाल श्री डेका ने इस दौरान विद्यालय को 5 कम्प्यूटर सिस्टम प्रदान करने की घोषणा की। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने ग्राम जुड़वानी नवापारा की मीरा प्रजापति एवं पहाड़ी कोरवा हितग्राही ग्राम लब्जी की नमिता को शॉल प्रदान कर सम्मानित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई। वहीं दो हितग्रहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, दो हितग्राहियों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण किया गया।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज लेंगे अधिकारियों की बैठक



**बैकुण्ठपुर।** बैकुण्ठपुर। छग के राज्यपाल रमेन डेका 7 अक्टूबर को आकांक्षी ब्लॉक सहित जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका 6 अक्टूबर की सांय 7.20 बैकुंठपुर स्थित विश्राम गृह पहुंचे। उनके आगमन पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने स्वागत किया। 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आकांक्षी ब्लॉक बैकुंठपुर से संबंधित योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात वे जिले के अफसरों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे।

### पेंड्री में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को ग्राम पेंड्री में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विलेज एक्शन प्लान वेप 2030 पर विस्तृत चर्चा की गई और ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से इसे अनुमोदित किया गया। यह आयोजन स्थानीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। ग्राम सभा में जिला नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त सुश्री अंकिता मरकाम, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एनएच पर अनियंत्रित होकर पलटी कार



**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम नगर के निकट जमदुआरी घाट पर कार चालक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा कर पलट गया, इसके बावजूद कार सवार सुरक्षित रहे। सूचना पर चरचा पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कार चालक बैकुंठपुर से चिरमिरी जा रहा था, इसी दौरान कई दिनों की बारिश के कारण नगर के जमदुआरी घाट के पास जैसे पहुंचा, वहां पर सड़क किनारे गिरे एक चट्टान से कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। इस घटना में कार चालक सुरक्षित है।

### साइबर सुरक्षा के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** ई-रिकार्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल, एटीएम, डिजिटल सिग्नेचर, ईमेल, आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय सेवकों को साइबर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में दिया गया।

### समय से पहले हुए धमाके में आए चपेट में, घायलो से मिलने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

# चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग, 8 घायल

**डोमनहिल/ कोरिया कॉलरी।** एमसीबी जिले के एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की एक ओपनकास्ट कोयला खदान में सोमवार को हुई ओवी ओवरबर्डन ब्लास्टिंग के दौरान समय से पहले धमाका हो जाने से बड़ा हादसा हो गया।

इस घटना में करीब 8 कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिरमिरी ओपनकास्ट खदान में ऊपरी मिट्टी हटाने के लिए नियमित रूप से ओवी ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही थी। ब्लास्टिंग का समय तय था, लेकिन उससे कुछ मिनट पहले ही अचानक धमाका हो गया। इस दौरान कई मजदूर अभी भी कार्यस्थल के पास मौजूद थे। समय से पहले हुए विस्फोट के कारण कुछ मजदूर विशेष रूप से महिला कर्मचारी पत्थरों और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल रिजनल चिकित्सालय कुरासिया ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में रिफर किए जाने की संभावना है। मौके पर मौजूद चश्मदीदों का कहना है कि ब्लास्टिंग की चेतावनी और निकासी प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही विस्फोट हो गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना में प्लास्टिक इंचार्ज रविन्द्र चक्रधारी सहित कृष्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के चालक मानसा शिवकुमार, शंकर सहित कॉलरी कर्मी दुर्गा, दुलरू हीरामती, रविशंकर, शाहिद समेत अन्य अस्पताल में इलाजरत है।



घटना स्थल।



घायल को देखने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री।



घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

#### जांच के आदेश

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रम संगठन पदाधिकारी, चिरमिरी क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महापौर रामनरेश राय, श्रम संगठन के पदाधिकारी बजरंगी शाही, कमलेश सिंह, अब्दुल सलीम, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल ले रहे हैं।

#### कोई हताहत नहीं

एसईसीएल चिरमिरी ओपनकास्ट में संभावित तकनीकी गड़बड़ी से समय से पहले हुई ब्लास्टिंग में एसईसीएल कर्मचारी बाल बाल बचे हैं। कोई हताहत नहीं है। मामूली इलाज के बाद अस्पताल से टीम को वापस भेजा जा रहा है।

**-डॉ सनीश चंद्र**
पीआरओ एसईसीएल

# शराब तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़/ खड़गवां

छग शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना खड़गवां क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है।

■ 25 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त, खड़गवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 5 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक ब्राउन कलर की मारूति सियाज कार सीजी 04 एलएन 7120 में तीन व्यक्ति गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब रखकर डोला रामनगर से देवाडांड की ओर बिक्री के लिए जा रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी उप निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश दी गई। पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक जितेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक रमेश पाण्डेय, आरक्षक दिनेश साहू, मोहम्मद आजाद, गणेश, निर्भय नारायण शामिल रहे। मौके पर ग्राम देवाडांड तिराहा में घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, जबकि दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमित पनिका उर्फ दीपक पिता स्व. बाबूलाल पनिका निवासी राजनगर, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश तथा आनंद पुरी उर्फ वैभव पिता छोटेलाल पुरी निवासी केल्हारी, जिला एमसीबी के रूप में हुई। वहीं भागे हुए व्यक्ति की पहचान कमलकांत मोगरे उर्फ पप्पू निवासी डोला रामनगर मध्यप्रदेश के रूप में की गई है। वाहन की तलाशी लेने पर 25 पेटी गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब, प्रत्येक पेटी में 50 पाव कुल 1250 पाव, 225 लीटर, कीमत लगभग 1,60,000 की बरामद की गई। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त मारूति सियाज कार कीमत 5,15,000 को भी जब्त किया गया। कुल जब्त सामग्री की कीमत 6,75,000 आंकी गई है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 211/2025 धारा 34 (2), 46, 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह एवं पूरी पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# स्वदेशी अभियान को घर-घर पहुंचाएं: विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाजपा महिला मोर्चा छग प्रदेश के अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के प्रथम कोरिया आगमन पर ढोल-नगाड़ा, करमा नृत्य व आतिशबाजी, फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

■ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, महिला मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीण सिंह, प्रभारी अनिता तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े मौजूद रहे। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समीक्षा कर आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा किया गया। साथ प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान को टोला, मोहल्ला, हाट-बाजार में जनसंपर्क कर प्रचार - प्रसार करने रणनीति तैयार किया गया। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भारत में बनी वस्तुओं के उपयोग करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प जो प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है,उसे साकार करने में हर कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी का संकल्प लिया।



### हेलमेट अनिवार्य ...



**बैकुण्ठपुर।** जिले में 1 अक्टूबर से पेट्रोल पंपों में नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश कलेक्टर द्वारा जारी किया गया है, इससे कई दुपहिया वाहन चालक केवल पेट्रोल भरवाते समय ही हेलमेट का उपयोग करते हैं, इसके बाद हेलमेट को गाड़ी में लटका चलते हैं।

# 12 लाख की सड़क, 3 माह में नाली में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

#### कदम-कदम पर कीचड़ से जूझते हैं लोग



हसदेव क्षेत्र के अंतर्गत बिजुरी सब एरिया द्वारा वेलकम गेट से लेकर टावर डोला तिराहा तक करीब 12 लाख 53 हजार रूपए की लागत से गड्ढ़ों की मरम्मत का कार्य कराया गया था।

उम्मीद थी कि अब लोगों को राहत मिलेगी, वाहन फर्राटा भरेंगे और पैदल चलने वालों के पैरों से धूल कम से कम चिपकेगी, लेकिन हुआ ठीक उल्टा सिर्फ तीन महीने में ही यह सड़क अपनी पुरानी हालत से भी बदतर स्थिति में पहुंच चुकी है। ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताविहीन काम किया कि मरम्मत किए गए गड्ढ़े अब फिर से गहरे खड्ढ़ों में तब्दील हो चुके हैं। थोड़ी-सी बारिश होते ही यह गड्ढ़े छोटे-छोटे तालाब और नालियों का रूप ले लेते हैं। अब हालत यह है कि इस सड़क से गुजरना किसी बाधा दौड़ जैसा हो गया है। लोग कदम-कदम पर कीचड़ से जूझते हैं और वाहन चालक हर पल इस चिंता में रहते हैं कि अगला गड्ढ़ा टायर फाड़ देगा या गाड़ी पलट देगा।

#### दिखाता हूं

आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है, मैं इसे दिखाता हूं

**-उमेश शर्मा**
-मुख्य महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र

## रावण दहन के कार्यक्रम पर सियासत गर्म

**बैकुण्ठपुर।** सोनहत में इस वर्ष रावण दहन कार्यक्रम के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप और विवाद के हालात बन गए। जानकारी के अनुसार नवयुवक दुर्गा पूजा समिति सोनहत द्वारा प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर पारंपरिक रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसे लेकर समिति के सदस्यों पर एफआईआर दर्ज कराने का दबाव बनाए जाने की खबर सामने आई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने देर रात ही पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे से फोन पर चर्चा की और सोमवार को विधायक अपने सहयोगियों के साथ सोनहत थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से पूरे मामले की जानकारी ली। पूर्व विधायक श्री कमरो ने तीखा बयान देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में डराने-धमकाने की राजनीति की जा रही है। हमारे साथियों को भयभीत करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। यदि दीदी अपने समर्थकों के लिए तीन घंटे थाने में बैठ सकती हैं, तो मैं भी अपने साथियों के लिए कई दिनों तक थाने में बैठ सकता हूं। कुल मिलाकर रावण दहन जैसे सांस्कृतिक पर्व को राजनीतिक रंग देने और पुलिस कार्रवाई की मांग ने इस पूरे मामले को गरमा दिया है।

■ पूर्व विधायक समर्थकों के साथ पहुंचे थाने

## कुड़ेली में फलेन्द्र की प्रतिमा का अनावरण

**बैकुण्ठपुर।** सोमवार को कुड़ेली सरभोका बाजार में स्वर्गीय फलेन्द्र सिंह की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व गृहमंत्री एवं निगम मंडल अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, पूर्व मंत्री व बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, श्रीमती सुमित्रा देवी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, योगेश शुक्ला, वेदांति तिवारी, श्रीमती वंदना राजवाड़े, श्रीमती गायत्री सिंह, शैलेश शिवहरे, रविन्द्र सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए। अतिथियों ने स्व. फलेन्द्र सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्व. फलेन्द्र सिंह के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका को स्मरण किया।




कार्यक्रम में उपस्थित सांसद व अन्य

# करोड़ों के पुल पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं

**बैकुंठपुर।** शहर से गुजरने वाली जीवनदायिनी गेज नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य कराया गया है, लेकिन निर्माण कार्य की इंजीनियरिंग ऐसी है कि करोड़ों के उच्च स्तर के पुल के उपर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके चलते बरसाती पानी पुल के उपर कई दिनों तक जमा होता है, इससे पुल को नुकसान धीरे-धीरे हो सकता है। साथ ही वाहन चालकों को भी पानी के कारण परेशानी होती है। गेज नदी पर बने करोड़ों के पुल के उपर बरसात के पानी के निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन इस बात का ध्यान ठेकेदार द्वारा नहीं रखा गया और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने ही इस ओर ध्यान दिया। यही कारण है कि बरसात के दौरान गेज के नव निर्मित उच्च स्तरीय पुल के उपर बारिश का पानी कुछ जगहों पर जमा रहता है। यदि पुल के दोनों किनारों पर पानी निकासी के लिए व्यवस्था की जाती तो बरसाती पानी जमा नहीं होता।



सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025
दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. आशीश कुमार जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho<br>हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS<br>हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित<br>MBBS, DNB (Ortho) MNAMS<br>हड्डी रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. सोनल गार्डिया<br>MBBS, MS(General Surgeon)<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ. भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>MS, ENT | डॉ. नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. रोशन आरा<br>एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. संगिता भारती<br>चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ | डॉ. कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH | डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |
| डॉ. राहूल शामकांत जाधव<br>एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट | डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology)<br>दंत एवं मुख विशेषज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता<br>न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. मीना राव<br>आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट |
| 1.5 TESLA MRI | डॉ. हेमलता साहू<br>फिजियोथैरेपी |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY
(DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### गांधीनगर बस्ती में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर बस्तियों एवं मंडलों में विजयादशमी उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में रविवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों ने शहर के गांधीनगर बस्ती में पथ संचलन किया। संचलन का शुभारंभ गांधीनगर स्थित गांधी चौक हनुमान मंदिर से किया गया। स्वयं सेवकों ने राजेंद्र नगर एवं गांधीनगर नाका का भ्रमण करते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पथ संचलन का समापन किया गया। पथ संचलन के पूर्व शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें वक्तताओं ने स्वयंसेवकों को संघ के आदर्शों, अनुशासन और शताब्दी वर्ष की प्रेरक यात्रा के बारे में बताया। क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। इस दौरान बस्ती प्रमुख श्री खगेन्द्र, शाखा कार्यवाह मिटकुराम, मुख्य शिक्षक शेष ठाकुर, सह मुख्य शिक्षक श्री पूर्णानंद सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित थे।

### शस्त्र पूजन उपरांत स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

**अम्बिकापुर।** मेण्ड्रा कला मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा पथ संचलन किया गया। अपराह्न 3 बजे एकत्रीकरण पश्चात स्वस्तिवाचन के साथ शस्त्र पूजन किया गया और शाम 4 बजे पथ संचलन हाईस्कूल प्रांगण से निकलकर नर्मदेश्वर शिव मंदिर की परिक्रमा करते हुए पुनः हाईस्कूल प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता व खण्ड कार्यवाह धनंजय जायसवाल ने कहा कि डॉ.केशव राव हेडगेवार ने वर्ष 1925 में दस लोगों से विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना कर शाखा की शुरूआत की। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। विभिन्न अभियानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। आज शस्त्र और शास्त्र की पढ़ाई जरूरी हो गई है। धीरे-धीरे हम शस्त्र और शास्त्र को भूलते जा रहे हैं। हिंदुस्तान में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिन्दू है। हिन्दू कोई धर्म नहीं अपितु जीवन पद्धति है। भारत माता हमारी पालने वाली मां है। जन्म देने वाली मां से भी पालने वाली मां बढ़कर है। भगवान श्री कृष्ण ने जन्म देने वाली मां से भी ज्यादा प्राथमिकता पालने वाली मां को दिया। आज मानवीय मूल्यों का हास हो रहा है। जीवन कैसे जिया जाए यह हमें संघ सिखाता है। प्रार्थना उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान खंड बौद्धिक प्रमुख दिनेश मिश्र, श्री शिवचन्द, मंडल कार्यवाह, पन्नालाल, समन्वयक संतोष रजक, पुजारी संतोष मिश्रा, रामपहल राजवाड़े, संजय राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**बिहारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर महुली मंडल में पथ संचलन किया। राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वयंसेवक ने शिव मंदिर प्रांगण में पूर्ण गणवेश में एकत्र होकर अपराह्न 2 बजे पथ संचलन प्रारंभ किया। संचलन मुख्य मार्ग से होते हुए चोंगा चौक तक पहुंचा जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात शिव मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। पूजन के दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों, घोष वादन और ओजपूर्ण भाषण हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि रनसाय, मुख्य वक्ता दुर्गाचरण सिंह एवं उपखण्ड संघचालक रामरक्षा पाल उपस्थित थे। वक्ताओं ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा, समाज में इसके योगदान और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, नागरिक, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पार्वतीपुर में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** घर के बाहर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पार्वतीपुर निवासी 23 वर्षीय रोहित टोप्पो पिता जवाहर टोप्पो गत दिनों 1 अक्टूबर की रात अपनी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईडी 9529 को घर के बाहर खड़ी किया था,जिसे अज्ञात चोरों ने मौका देख पार कर दिया है,प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पहाड़ी कोरवा बस्ती को जोड़ने कराया जा रहा था निर्माण

# बनने से पहले ही धंसने की कगार पर पहुंची पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पहाड़ी कोरवा बस्ती को जोड़ने के लिए बनाई जा रही पुलिया का काम एक साल बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया। आलम यह है कि विगत छह माह से निर्माण काम बंद है वहीं अब निर्माणाधीन पुलिया धंसने की कगार पर आ गई है। पुलिया के बेस के नीचे की मिट्टी बह गई। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है और निर्माण के जांच की मांग की है।

**खास बात**
- छह माह से बंद है काम

बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत अमदरी के कोरगी, केरा झरिया क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों को आवागमन के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण वर्षों से पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे। ऐसे में शासन द्वारा कोरगी खास से केरा झरिया पहड़ी कोरवा बस्ती तक पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। पुलिया निर्माण का जिम्मा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को दिया गया था। लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया के निर्माण का कार्य एक वर्ष पूर्व शुरू किया गया था ठेकेदार ने निर्माण के दौरान जमकर मनमानी की। अधिकारियों की निगरानी की कमी का फायदा ठेकेदार ने गुणवत्ता से समझौता किया। सबसे बड़ी बात यह है कि विगत 6 माह से पुलिया के निर्माण का काम बंद पडा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार काम बंद करके गायब हो गया है और अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। इधर पुलिया निर्माण नहीं होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



निर्माणाधीन पुलिया।

### बह गई मिट्टी, जर्जर हुई पुलिया

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण के दौरान ठेकेदार ने गुणवत्ता का ख़्याल नहीं रखा। पुलिया निर्माण में सीमेंट, गिट्टी और रेत की गुणवत्ता बेहद खराब है वहीं अधूरा पुलिया में छड़ का भी उपयोग नहीं किया गया है जो मानक के अनुरूप नही है। इससे पुलिया पूरी तरह अधूरी और धंसने की स्थिति में दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य पूरा होने से पहले ही पुलिया जगह-जगह से नीचे मिट्टी बह चुकी है और बेस भी सही ढंग से नहीं की गई है जिससे पुलिया धंसने की स्थिति में पहुंच चुकी है।

### जल्द कराया जाएगा काम

बरसात की वजह से कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। बरसात खत्म हो गई है, जल्द से जल्द कार्य कराया जाएगा। इस कार्य का ठेकेदार को भुगतान कितना किया गया है फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।

**-जानू राम सोनवानी**
एसडीओ जनपद पंचायत राजपुर



# पार्टी से मिले दायित्वों का बखूबी करें निर्वहन : भूलन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कुंज में जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, रामकृपाल साहू के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। नवनियुक्त जिले के समस्त जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए। बारी-बारी से विस्तारपूर्वक भारतीय जनता पार्टी में प्रारंभ से लेकर वर्तमान दायित्व, अपनी शिक्षा-दीक्षा, व्यवसाय के संबंध में बताया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी ने बहुत बड़ी जिम्मेदारियां दी है, उन जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन कर पार्टी को मजबूत हर स्तर पर कार्य करें। हर विषय के बारे में तथ्यात्मक जानकारियों के साथ शासन की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भी करना है। ताकि लोगों को शत प्रतिशत शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग व आभार प्रदर्शन महामंत्री अशोक सिंह ने किया। इस दौरान महेश्वर पैकरा, शिवप्रसाद सिंह, शोभनाथ राजवाड़े, संत सिंह, श्रीमती संध्या सिंह, देवधन राम बिंझिया, संदीप अग्रवाल, मुकेश गर्ग, दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवारी, श्रीमती गौरी सिंह, प्रतिमा साहू, लालती सिंह, प्रदीप द्विवेदी, रितेश जायसवाल, संजू सोनी, लीलू गुप्ता, पवन साहू, शिव राजवाड़े उपस्थित रहे।

- नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की हुई परिचयात्मक बैठक



### प्राथमिक शाला उरांवपारा मे किया गया मोबइल सेल का गठन

**रामानुजनगर।** विद्यालय मे बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए प्रधान पाठक संजय साहू ने विद्यालय मे एक अनूठी पहल करते हुए मोबइल सेल का गठन किया है। सहायक शिक्षिका शोभारानी किसपोट्टा को प्रभारी बनाया गया। इस सेल का मुख्य कार्य जो बच्चे किसी कारणवश विद्यालय नहीं आते है, उनके न आने कारण जानना और उसे रजिस्टर मे प्रतिदिवस संधारित करना है। इसके लिए प्रत्येक कक्षा से 3-3 विद्यार्थियों का समूह तैयार किया जाएगा और प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के मोबइल फ़ोन से बच्चे ही अनुपस्थित बच्चों के घर कॉल करके जानकारी एकत्र करेंगे और उसे रजिस्टर मे लिखेंगे। लगातार इस तरह कॉल करने से विद्यालय मे उपस्थित तो बढ़ेगी ही साथ मे बच्चों मे जो मोबइल के प्रति एक जिज्ञासा रहती है ओ भी शांत होगा। यह सब शिक्षकों के निगरानी मे किया जाएगा। इस गठन मे विद्यालय के प्रार्थना पाठक सही शिक्षक रामकृपाल साहू और शोभारनी किसपोट्टा उपस्थित रहीं।

# स्वच्छता को लेकर एसईसीएल और नपं की संयुक्त रणनीति कागजों में सिमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत व एसईसीएल बिश्रामपुर के बीच स्वच्छता व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रही तनातनी के बाद गत दिनों अगस्त महीने में हुए बैठक उपरांत प्रतिमाह बैठक का निर्णय केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह गई है। मैदानी स्तर पर आमजन को आज भी गंदगी के बीच जीवनयापन करने विवश होना पड़ रहा है।

- वार्डों में जगह-जगह कचरे का अम्बार

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गत दिनों अगस्त महीने में नपं बिश्रामपुर सभाकक्ष में नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए थे बैठक में तय हुआ था कि अब हर महीने दोनों प्रबंधन की संयुक्त बैठक होगी और नगर विकास व मूलभूत सुविधाओं को लेकर साझा रणनीति बनाई जाएगी,इसके लिए एक संयुक्त टीम का गठन भी किया जाएगा,जो कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों पर नजर रखेगी,ज्ञात हो कि नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर उल्लेख किया गया था कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में साफ सफाई कार्य के लिए नगर पंचायत एवं एसईसीएल प्रबंधन दोनों की जिम्मेदारी है, नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा तो संपूर्ण निकाय क्षेत्र में कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य किया जा रहा है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन साफ सफाई के नाम पर नगर में केवल खानापूर्ति कर रहा है, एसईसीएल द्वारा प्रति वर्ष टेण्डर पद्धति से कई लाख रुपये की राशि निविदा निकालकर ठेकेदारों को साफ सफाई का कार्य दिया जाता है, किन्तु एसईसीएल प्रबंधन द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, कालोनियों में पर्याप्त सफाई हेतु लगभग 28 कर्मचारी लगाना निर्धारित है, परन्तु उनके द्वारा कालोनियों में महज कुछ ही कर्मचारी लगाकर साफ सफाई की कोरम पूर्ति की जाती है, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव का सुझाव था कि एसईसीएल सफाई कार्य का जिम्मा नगर पंचायत को सौंप दें और भुगतान भी सीधे नगर पंचायत को करें ताकि काम सुचारू रूप से हो सके,यदि नहीं दिया जाता है तो प्रतिवर्ष सफाई के नाम पर जो एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बड़ी रकम का टेण्डर निकाला जाता है उसे व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, जिससे नगर में सफाई हेतु किसी भी प्रकार से परेशानी न हो,नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष के पत्र पर मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर कलेक्टर को निर्देशित किया गया था कि नपं बिश्रामपुर व एसईसीएल प्रबंधन की संयुक्त बैठक कराकर समस्या का निराकरण कराया जाए,इसी तारतम्य में अगस्त महीने में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा की उपस्थिति में एसईसीएल प्रबंधन व नपं बिश्रामपुर की संयुक्त बैठक नपं के सभाकक्ष में की गई थी, बैठक में निर्णय लिया गया कि अब एसईसीएल प्रबंधन व नपं बिश्रामपुर की संयुक्त टीम द्वारा नगर विकास में सहयोग किया जाएगा, इसके लिए एक संयुक्त टीम गठित की जाएगी, कालोनियों के सफाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से सफल बनाने दोनों संयुक्त टीम द्वारा निगरानी करके कार्य को पूर्ण कराया जाएगा, एसईसीएल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने कहा कि कॉलोनियों के जो सैप्टिक टैंक क्षतिग्रस्त व खुले हुए उन्हें तत्काल बंद कराकर व्यवस्थित कराने ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष का एक वाट्सअप ग्रुप बनाकर कार्यों को गति दिलाई जाएगी,पार्षदों द्वारा यहां पर बैठक में नगर की सफाई,सैप्टिक टैंक के सुधार के अलावा पेड़ों की छंटाई कार्य को भी कराए जाने की मांग रखी गई थी,जिस पर भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त कार्यों को पूर्ण कराने का भरोसा दिया गया था,बैठक के दो महीने बाद भी आज तक नगर पंचायत बिश्रामपुर व एसईसीएल प्रबंधन की प्रतिमाह होने वाली बैठक आज तक नहीं हो सकी है, लोगों का आरोप है कि कई कालोनियों में सामने के हिस्से की तो सफाई कार्य हो जा रही है लेकिन जो पिछला हिस्सा प्रबंधन की सफाई कार्य के जिम्मे है,उसमें व्याप्त गंदगी की वजह से आमजन को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।



वार्ड मे पसरी गंदगी।

# मातारानी की विसर्जन-यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





विसर्जन के दौरान उमड़ा जनसैलाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न पंडालो में विराजित माता रानी का पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन का दौरान दशहरा के दूसरे दिन से शुरू हो गया। इस क्रम में शहर के मणिपुर-दर्रीपारा अनोखी सोच संस्था द्वारा माता रानी के विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकली और ढोल नगाड़ो व डीजे के भक्ति गीतों में झूमते नाचते मातारानी को विदाई दी।

- भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल
- शहर भ्रमण पश्चात साड़बार बेरियर समीप तालाब में किया गया विसर्जन

शारदीय नवरात्र पर शहर के जय स्तंभ चौक, सदर रोड, मायापुर, दर्रीपारा, ब्रम्हपारा सहित अन्य पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक मातारानी के अलग-अलग रूपों का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। नौ दिनों तक पंडालों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात विजयदशमी के दूसरे दिन मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर शुरू हुआ। शहर के सबसे पुराने दुर्गाबाड़ी में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया वहीं विजयदशमी के दूसरे दिन शहर के अधिकांश पंडालों में बिराजित माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर की गई। रविवार को शहर के दर्रीपारा हनुमान मंदिर के पास अनोखी सोच संस्था द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मातारानी के विसर्जन के लिए निकाली गई शोभा यात्रा अद्भुत, अलौकिक सौंदर्य से सजी हुई भव्य मूर्तियां देखने को मिली। विशाल प्रतिमा के साथ माँ काली एवं भूत का रूप धारण किए लोगों ने विसर्जन यात्रा में चार-चांद लगा दिए। इधर मोहल्लेवासियों ने आकर्षक परिधान पहनकर, माता की चुनरी ओढ़कर भक्ति गीत-संगीत पर जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किया। महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ मातारानी के गीत पर भाव-आधारित नृत्य करके यात्रा की शोभा बढ़ाई। विसर्जन यात्रा बाबा-विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर से शुरू होकर अग्रसेन चौक, महामाया चौक, संगम चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंची और सभी लोगों ने सामूहिक नृत्य करके मातारानी की प्रतिमा को बिलासपुर रोड सांड़बार स्थित तालाब में विसर्जन किया।



### महिलाओं ने जीता फ्रीज व वाशिंग मशीन

मातारानी के विसर्जन में अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के महिलाएं शामिल हुई। संस्था द्वारा महिलाओं को प्रोत्साहित करने सभी को कूपन दिया गया। मातारानी की प्रतिमा विसर्जन के पश्चात कूपन का लक्की ड्रा निकाला गया जिसमें विजेता महिला, युवती को पुरस्कार के रूप में फ्रीज, वाशिंग मशीन, आयरन सहित अन्य इनाम देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ राज्य गृह मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

### आकर्षण का केन्द्र रहा झांकी

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन अवसर पर माँ दुर्गा की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से भव्य झांकियों के माध्यम से निकाली गई, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवृष्टि कर माँ की विदाई की। विसर्जन के दौरान सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहा माँ काली का स्वरूप, जिसमें कलाकार मोनू कुजुर ने माँ काली का जीवंत रूप धारण किया। मां के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा।



### डांस कम्पटीशन 28 से

अनोखी सोच संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा महोत्सव में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में राज्य का सबसे बड़ा डांस कम्पटीशन 28 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस, जूनियर, सीनियर सिंगल डांस की श्रेणियां रहेंगी। ग्रुप डांस के विजेता को 2 लाख 51 हजार तथा सीनियर डांस के लिए 1 लाख रुपए पुरस्कार रखा गया है। अनोखी सोच संस्था का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक एकता, नारी शक्ति और कला को प्रोत्साहन देना है।

# तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे, पं.रामनारायण शर्मा, अनिल त्रिपाठी, चंद्रभूषण मिश्र और सेवानिवृत्त व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में केशरवानी भवन में काव्य गोष्ठी की।

गोष्ठी के प्रारंभ में रामचरितमानस व बंशीधर लाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायण का संक्षिप्त पाठ किया गया। माधुरी जायसवाल ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय एवं चंद्रभूषण मिश्र ने आदि कवि वाल्मीकि की जीवनी व उनके करूणा भाव एवं वाल्मीकि रामायण की विशेषताओं के बारे में बताया। काव्यगोष्ठी में माधुरी जायसवाल ने कण-कण में हैं राम, दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने कठिन न हो यह जिंदगी, सुखद बने अभिराम, सीमा तिवारी ने मेहमान जिंदगी है, झुककर करो नमन, नीलिमा जायसवाल ने दिल जो दिया दर्द तो सहना पड़ेगा, देवेन्द्रनाथ दुबे ने तारे तब तक अधूरे से लगते रहे, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने मैं तो तुमसे दूर बहुत था, चंद्रभूषण मिश्र ने तेरी मधुर चपल सी बातों में गंगा का उद्गम देखा था, विकेश गुप्ता ने मैं जग जीवन का सार लिए फिरता हूं, रोशनी कार्तिक का उठ के आ साथिया, मुझसे वादा ऐ कर, विनोद तिवारी ने खेल जंग दोनों में छप्पन इंच का सीना है, शायर-ए-शहर यादव विकास राहगीरों को अंधेरों से निकलने दीजिए रचना प्रस्तुत की। गोष्ठी का संचालन अजय सागर एवं आभार प्रदर्शन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, प्रियंका तिवारी, मनीलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### शराब दुकान के सुरक्षा गार्ड से युवकों ने की मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम महगंवा निवासी फलेश्वर राम आ. कन्हैया लाल राजवाड़े (30 वर्ष) ग्राम पर्री स्थित शासकीय मंदिरा दुकान में सुरक्षा गार्ड के पर पर पदस्थ है। 3 अक्टूबर को ड्यूटी में था तभी खडगंवा निवासी गजेन्द्र कनेडिया, जितेन्द्र रवि व उसके साथी राजू शराब दुकान पहुंचे और शराब खरीदने लगे। इसी बीच सेल्स मेन कृष्णा प्रसाद भीड़ होने से कुछ देर बाद बियर दिया। देर से बियर देने पर युवक नाराज हो गए और विवाद करना शुरू कर दिया। जब सुरक्षा गार्ड समझाइश देने आया तो युवकों ने उसके सिर पर बियर के शीशी से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट सूरजपुर थाने में दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 20 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**बिहारपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन संगठन के जिला संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के 20 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं अध्यापको ने रक्तदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा कहा कि आज के दौर में रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो न केवल जरूरतमंद की जान बचाता है बल्कि दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। शिविर को छात्र दीपक तिवारी ने रक्तदान कर प्रारंभ किया। प्राचार्य श्री सातपुते ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। धीरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि आज के युवा समाज में जागरूकता लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। रक्तदान न केवल मानवता की भावना को जीवित रखती है। बल्कि इससे जरूरतमंदों को जीवनदान भी मिलता है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रक्तदाताओं एवं चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक



**शंकरगढ़।** बचवार में स्थित दुर्गा पंडाल परिसर में आगामी माह में रुद्र महायज्ञ एकादशी कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर स्थानीय बचवार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति एवं नगर के नागरिक शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन 7 नवम्बर शीर्ष अगहन तिथि, द्वितीय दिन किया जाएगा। इसके पश्चात यज्ञ प्रारंभ 22 दिसम्बर पौष शुक्ल पक्ष, द्वितीय दिन से होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति एवं समापन समारोह 28 दिसम्बर को संपन्न किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनुरागी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालु एवं नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रुद्र महायज्ञ के पुण्य लाभ अर्जित करने कहा है।

### वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में कार्यकारिणी में हुआ संशोधन

**रामानुजनगर।** वरिष्ठ नागरिक संघ नगर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ की कार्यकारिणी में आवश्यक संशोधन करते हुए एनएस ठाकुर को सचिव तथा लक्ष्मी नारायण दुबे को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। यह निर्णय पूर्व सचिव परशुराम तिवारी के अस्वस्थ हो जाने के कारण लिया गया। बताया गया कि श्री तिवारी को लकवा से पीड़ित हो जाने के कारण वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो गए हैं, जिसे देखते हुए संगठन ने यह निर्णय लिया। बैठक में संघ के विश्वनाथ पटेल, उमाकांत द्विवेदी, भोला प्रसाद पटेल, आरएस मिश्रा, एसके तिवारी, महेश प्रताप राजवाड़े, गणेश्वर प्रसाद, हरकेश्वर प्रसाद साहू, नागेंद्र उपाध्याय, सालेश्वरम सिंह, गोपाल सिंह, सुबरन पटेल, महेश खोडियार, एनएस ठाकुर, लक्ष्मी नारायण दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर ड्रेसर को दी गई विदाई



**सीतापुर।** विगत दो दशक से भी ज्यादा समय तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत कमलेश कुमार त्रिपाठी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा ने शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान कमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इस दौरान लेखापाल देवीदयाल सिंह चौधरी के अथक प्रयासों से तैयार किया गया पेंशन अदायगी आदेश एवं सम्मान पत्र उन्हें प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जीआर कुर्रे, डॉ. अमोष किंडो, डॉ. संयोगिता पैंकरा, डॉ. नीरज कुशवाहा, डॉ. संदीप त्रिपाठी, सुरेश यादव, चेतन राठिया, देवदत्त राम, बलभद्र सिंह ठाकुर, हरि यादव, विजय पैंकरा, प्रतिमा गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुनीता गुप्ता, विनोद टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### दशहरा का मेला देखने आए युवक की बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** दशहरा प्रांगण के समीप बाईक खड़ी कर दशहरा का मेला देखने गए गोविंदपुर कुमदा कॉलोनी निवासी प्रार्थी युवक दिलीप कुमार सिंह पिता रामध्यान सिंह की हीरो पैशन प्रो बाइक क्रमांक बीआर 26 एम 9751 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है,घटना दो अक्टूबर रात्रि करीब साढ़े दस बजे की बताई गई है, रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।

### पिछले साल समितियों द्वारा खरीदी गई थी कृषकों की उपज

# ऑनलाइन गिरदावरी से शासकीय पट्टा वन अधिकार धारक किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार धान विक्रय के लिए राजस्व अमले द्वारा किसानों के खेत में लगाई गई फसलों का ऑनलाइन गिरदावरी किया जा रहा है।

**खास बात**
- गिरदावरी नहीं होने से हजारों किसान परेशान

ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार धारक किसानों की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे किसान भयभीत हैं तथा उन्हें पंजीयन के अभाव में धान विक्रय से वंचित होने का भय सता रहा है।

शासन द्वारा इस बार भी धान विक्रय के पूर्व गांव-गांव में किसानों के रकबे एवं फसल की स्थिति का सर्वे किया जा रहा है। राजस्व अमला हर किसान के खेत में लगाई गई फसल का आंकलन करता है जिसके आधार पर समितियों द्वारा धान की खरीदी की जाती है। इस बार गिरदावरी को पारदर्शी बनाने के साथ ही किसानों की भूमि उपयोग की सटीक जानकारी एकत्रित करने ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। राजस्वकर्मी अपने कार्यक्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर हर किसान के रकबे एवं भूमि उपयोग की जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं। ऑनलाइन गिरदावरी की शुरूआत अगस्त में की गई थी जो अभी भी जारी है। सहकारी समितियों द्वारा पूर्व की तरह इस बार भी पंजीकृत किसानों की सूची आगामी खरीदी के लिए अपलोड किया जाएगा तथा गिरदावरी के अनुसार धान की खरीदी की जाएगी। ऑनलाइन गिरदावरी से किसानों को अपनी भूमि एवं फसल उपयोग की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसान इस संबंध में स्वयं भी पूरी जानकारी ले सकेंगे। ऑनलाइन गिरदावरी के माध्यम से किसानों के भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण भी किया जा रहा है। अभी ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य पूरा नहीं हुआ है न ही समितियों द्वारा ही पूर्व में पंजीकृत किसानों की सूची को आगामी खरीदी के लिए अद्यतन किया गया है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टाधारक एवं वन अधिकार पत्र धारक किसानों के रकबे की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे बड़ी संख्या में किसान परेशान हैं तथा कृषकों को आगामी खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने का भय सता रहा है।



धान की फसल।

#### अब तक नहीं हुई गिरदावरी

शासन द्वारा बड़ी संख्या में किसानों को राजस्व भूमि का पट्टा एवं वन अधिकार पत्र जारी किया गया है। पूर्व में समितियों द्वारा ऐसे किसानों की फसल की गिरदावरी की गई थी साथ ही समितियों द्वारा पंजीयन उपरांत धान की खरीदी भी की गई थी। ऑनलाइन गिरदावरी में ऐसे किसानों के रकबे में लगाई गई फसलों की जानकारी अपलोड नहीं की जा रही है जिससे किसानों को धान खरीदी से वंचित होने का भय सता रहा है। इस संबंध में न तो किसानों को राजस्वकर्मी न ही कृषि अधिकारी ही कुछ स्पष्ट जानकारी दे रहे हैं।

#### हजारों किसान होंगे प्रभावित

शासन द्वारा जिलेभर के किसानों को शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया है। हर सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ऐसे लगभग 400 से अधिक किसान हैं जो शासकीय पट्टे एवं वन अधिकार की भूमि की उपज बेच रहे हैं। धान विक्रय से किसानों को अच्छी आमदनी होती है। ऑनलाइन गिरदावरी के अभाव में न तो धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन हो सकेगा न ही वे अपनी फसल समितियों में बेच सकेंगे। ऐसे कृषकों में अधिकांश जनजाति समाज के सीमांत कृषक है।

#### अब की जा रही गिरदावरी

अब शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। शासकीय पट्टा व वन अधिकार पत्र धारक स्वयं अपने मोबाइल अथवा सीएससी के माध्यम से अपने रकबे की गिरदावरी कर सकते हैं। हलका पटवारी के अनुमोदन उपरांत इसे सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाएगा। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

-पीएस दीवान
सहायक संचालक, कृषि



## जीएसटी 2.0 रिफार्म व आत्मनिर्भर भारत संकल्प को लेकर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- व्यापारी व्यवसाय के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में निभा रहे अहम भूमिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भाजपा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता व वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विधायक श्री मरावी ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें।कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है। आज व्यापारी केवल व्यवसाय नहीं कर रहा, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, जीएसटी के संभागीय संयोजक मुकेश गर्ग, जिला संयोजक शशिकांत गर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अशोक सिंह व आभार प्रदर्शन जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के व्यापारी उपस्थित थे।

### पुत्र ने पिता पर बेलचा से किया हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त पुत्र ने पिता पर बेलचा से सिर पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी उजियार आ. स्व. भूखल (50 वर्ष) 4 अक्टूबर को गांव में ही दशरथ के यहां करमा त्यौहार मनाने पुत्र बैगा राम व सज्जन के साथ गया था। रात में सभी खाना पीना कर नाचे गाए। सुबह बैगा राम व सज्जन घर आ गए। इसी बीच सज्जन शराब के नशे में मां से विवाद करने लगा जिसे देख भाई ने शांत रहने समझाया लेकिन वह नहीं माना तो बैगा राम पिता को बुलाने चला गया। कुछ समय बाद पिता उजियार डंडा लेकर आने लगा तो पुत्र पिता के हाथ में डंडा देख घर के छानी पर चढ़ गया और वहां से उतरने के पश्चात बेलचा से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण को परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर शासकीय कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

- पूर्व में हुआ था विवाद, आवासीय परिसर में घुस गए थे आरोपी

पुलिस ने इस प्रकरण में एक नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 4 अक्टूबर को चन्दन यादव, कैलाश यादव, उपेन्द्र उर्फ गोलू समेत आधा दर्जन से अधिक अचानक ही रात को धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे। इस दौरान उन्होंने बेरियर में मौजूद उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, सिद्धार्थ पटेल, प्रधान आरक्षक कौशल साहू से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने परिवहन उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, चालक ओमप्रकाश राजवाड़े से मारपीट कि। इसके साथ ही आवासीय परिसर में घुसकर कर्मचारियों से गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह कुलदीप के रूम में घुस गए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए निरीक्षक से मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाग़ निकले जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। घटना की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 1 अक्टूबर को चन्दन यादव और पिकअप चालक ने तेज गति से वाहन हलाते हुए पिकअप को बेरिकेट के ऊपर चढा दिया था जिसे लेकर आरोपियों और आरटीओ बेरियर के कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था लेकिन बाद में बाद में मामले को शांत करा दिया गया। इसी घटना का बदला लेने के लिए 4 अक्टूबर को उपेन्द्र यादव, कैलाश यादव, चंदन यादव एवं अन्य पांच लोग स्कार्पीयो एवं बाईक से आरटीओ कार्यालय एवं आवासिय परिसर घुसकर मारपीट की। इस घटना में पुलिस के एक अपचारी समेत बसंतपुर निवासी 42 वर्षीय कैलाश यादव आ. स्व. जितेन्द्र प्रसाद यादव, प्रेमनगर निवासी 25 वर्षीय उपेन्द्र उर्फ गोलू यादव आ. सहदेव यादव, बसंतपुर निवासी 32 वर्षीय रंजन रवि आ. सितलाल रवि राम, जमई निवासी 20 वर्षीय अर्जुन यादव आ. शिवकुमार यादव को बीएनएस की धारा 121, 132, 221, 191 (2), 296, 331 (6) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बंसतपुर जितेन्द्र सोनी, रघुनाथ सिंह मरावी, धनसिंह सांडिल्य, पंकज पोर्ते, विवेक कुमार, अनिल पण्डयार शामिल रहे।



## साइबर ठग गिरफ्तार, सीएससी सेंटर से हस्तांतरित होता था ठगी का पैसा

**राजपुर।** म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार राजपुर निवासी विशाल पैकरा के विभिन्न बैंकों में संचालित खातों के लेनदेन की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी विशाल पैकरा के तीन बैंक खातों से कुल 9 लाख 45 हजार 787 रुपए के अवैध लेनदेन की पुष्टि हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ही विशाल पैकरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस साइबर ठगी के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी मनेन्द्रगढ़ चैनपुर निवासी आशीष वर्मा आ. यज्ञनारायण वर्मा की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी आशीष वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आशीष और विशाल ने मिलकर अलग अलग राज्यों में ठगी की वारदात को अंजाम दिया और ठगी के रुपए को बैंक में मंगवाया जाता था और जहां विशाल पैकरा अपना कमीशन काटकर शेष रुपए सीएससी सेंटर में क्यूआर कोड के माध्यम से आशीष के खाते में हस्तांतरित कर देता था।



### ट्रैक्टर में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग सख्त

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टरों के पहिए में लगे कैच व्हील को लेकर परिवहन विभाग न सिर्फ सख्त हो गया है बल्कि आज ग्रामीण क्षेत्र में जांच कर ट्रैक्टरों के पहिए से कैच व्हील को निकलवा। साथ ही वाहन मालिकों को कैच व्हील नहीं लगाए की समझाइश दी है। ट्रैक्टर के पहिये में कैच व्हील लगाकर चलाने से सार्वजनिक सड़कों को क्षति पहुंचती है जिसके कारण हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके सम्बंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका भी लगाई गई है। इस सम्बंध में परिवहन विभाग द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में ट्रैक्टरों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि ट्रैक्टरों मे लगाए गए कैच व्हील के संबंध में विभिन्न ग्रामों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चठिरमा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने से होने नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही कैच व्हील लगे वाहनों से कैच व्हील को हटवाया गया। परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान यदि कोई वाहन कैच व्हील लगाकर चलता पाया गया तो उस पर नियमानुसार चलानी कार्यवाही की जाएगी।



## पेज 1 के शेष...

### विकास कार्यों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन...

मिल सके। राज्यपाल ने पशुपालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे बढ़ावा देने के निर्देश दिए। महिला स्व सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समूहों की आर्थिक गतिविधियों का और विस्तार किया जाए। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आकाशी ब्लाक अंतर्गत दसवीं कक्षा में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर कुमारी भूमिका रजवाड़े को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए आगे भी बेहतर पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दीं। स्वास्थ्य और पोषण को लेकर उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान एवं सघन मॉनिटरिंग करने, न्यूबॉर्न केयर यूनिट में भर्ती और पोषण ट्रैकर से निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, जनपद सीईओ डॉ. स्वेच्छा सिंह सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## ग्रामीण बैंक केवरा में नहीं है पेयजल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बैंक प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा बैंक आने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बैंक परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीदने को मजबूर है। बैंक में दूर दराज से लोग अपने अपने विभिन्न कार्यों को लेकर रोज पहुंचते है।

- दुकानों से पानी का बंद बोतल खरीद कर पीने को मजबूर

बैंक में लोगों भीड़ लगी रहती है। कभी-कभी तो ग्रामीणों को कई कई घंटे बैंक में ही बिताना पड़ता है लेकिन बैंक परिसर में कहीं पर पेयजल की सुविधा नहीं किया गया जिससे आने वाले ग्रामीण हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसी ग्रामीणों की अचानक तबीयत खराब हो गई और उसे पानी की जरूरत पड़ी तो लोग पानी ढूंढते ही रह जाएंगे। जबकि बैंक में कई तरह से लोग आया करते हैं जिसमें वृद्ध महिला, बुजुर्ग, समूह की महिलाएं बच्चे होते है। काफी समय तक बैंक में रहने से प्यास लगने पर लोगों को पानी समय पर उपलब्ध नहीं होता जिससे लोग पेयजल के लिए परेशान होते है। लोगों ने बैंक परिसर में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

### प्रवीण बने सामरी विधायक के प्रतिनिधि



**राजपुर।** बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने राजपुर निवासी प्रवीण अग्रवाल को सामरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 8 का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। प्रवीण अग्रवाल वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। विधायक प्रतिनिधि के रूप में उन्हें क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं के समाधान और जनसंपर्क से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## कांग्रेस सह प्रभारी की मौजूदगी में भरवाए गए समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर


प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग की मौजूदगी में कांग्रेस ने बरियों चारपारा में आम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने डोर-टू-डोर अभियान भी चलाया गया जिसमें नागरिकों को मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मामलों से अवगत कराते हुए अभियान के समर्थन में शपथ पत्र भरवाए गए।

- वोट चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान



कार्यक्रम के दौरान सह प्रभारी श्रीमती लैतफलांग ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती रवैया अपनाने और भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ही मकान नंबर पर सैकड़ों नाम दर्ज किए जा रहे हैं और एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग स्थानों पर शामिल किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर प्रतिक्रिया देते हुए फलांग ने कहा कि यदि किसी को मंच या सम्मान नहीं मिलता तो घर बैठने से बेहतर है संगठन का हाथ थाम कर अपनी नाराजगी दूर करें। संगठन तभी मजबूत होगा जब हर हाथ एक-दूसरे का सहारा बने। जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंह और आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामदेव राम ने किया।

कार्यक्रम के तहत शंकरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में लगभग 1700 फार्म और जिलेभर से कुल 2000 फार्म भरकर प्रदेश सह प्रभारी को सौंपे गए। फलांग ने बताया कि सरगुजा, रायगढ़ और बिलासपुर संभाग में बलरामपुर पहला जिला है, जहां से यह अभियान औपचारिक रूप से शुरू हुआ है। इस दौरान राजेंद्र तिवारी, विष्णु सिंहदेव, विजय पैकरा, विवेक सिंहदेव, लालसाय मिंज, पूरनचंद्र जायसवाल, राम बिहारी यादव, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र श्रीवास्तव, हरि किशुन पैकरा, बृजेश मिश्रा, सुनील भगत, मो. नियाज, नीरज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411